**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 12.06.2025 समय : 0705

- किसानों को जागरूक करने के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन।
- पेंशनभोगियों की शिकायतों के हल के लिए विशेष अभियान का दूसरा चरण जुलाई से होगा शुरू।
- परिवहन निदेशालय सड़क सुरक्षा पर करेगा कार्यक्रमों की श्रृंखला का आयोजन।
- मायाबंदर में **निर्माण**–करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम चौदह जून से ।

**<><><><><><>**

कृषि और द्वीप पारिस्थितिकी तंत्र के सतत विकास के लिए उर्वरकों के उपयोग पर किसानों को जागरूक करने के लिए सामुदायिक भवन छोलदारी में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का विषय रासायनिक और जैविक कृषि का विवेकपूर्ण उपयोग रहा। इस अवसर पर बोलते हुए मुख्य अतिथि सचिव कृषि ने रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अंधाधुंध उपयोग को कम करने और द्वीपीय परिस्थितियों के अनुकूल टिकाउ कृषि पद्धतियों को अपनाने की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया। कृषि सचिव ने केरल में एंडोसल्फान कीटनाशक त्रासदी और पंजाब में कैंसर ट्रेन के खतरनाक प्रभावों का उदाहरण देते हुए किसानों को जागरूक किया। संयुक्त निदेशक कृषि ने कहा कि टिकाउ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने तथा इनपुट के संतुलित उपयोग को समर्थन देने में इस पहल के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम की सम्मानीय अतिथि जिला परिषद सदस्य प्रमिला कुमारी और समिति सदस्य चैताली रॉय ने सभा को संबोधित किया।

**<><><><><><>**

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह इस साल जुलाई में पारिवारिक पेंशनभोगियों और अति वरिष्ठ पेंशनभोगियों की शिकायतों के निवारण के लिए एक महीने के विशेष अभियान का दूसरा चरण शुरू करेंगे। पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग पारिवारिक पेंशनभोगियों और अति वरिष्ठ पेंशनभोगियों की दो हजार दो सौ दस शिकायतों के निवारण के लिए यह अभियान शुरू करेगा। कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय के अनुसार पेंशनभोगियों की शिकायतों से निपटने वाले नोडल अधिकारियों के साथ कल पेंशन सचिव की अध्यक्षता में एक तैयारी बैठक हुई। बैठक में अभियान के सुचारू और निर्बाध निष्पादन को सुनिश्चित करने

के लिए जारी दिशा–निर्देशों पर विचार–विमर्श किया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निवारण प्रदान करना है।

<><><><><><>

नशीली दवाओं के दुरूपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ चल रहे कार्यक्रम में दिल्ली पैरा मेडिकल एंड मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट श्री विजयपुरम में एक जागरूकता सह सेमिनार कार्यक्रम दक्षिण अंडमान जिले के एकीकृत पुनर्वास केन्द्र के अंतर्गत आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में संस्थान के छात्र और शिक्षक शामिल हुए। चिकित्सा अधिकारी डॉ. एम के महतो ने शराब और मादक द्रव्यों के सेवन के दुष्प्रभावों पर चर्चा की और इनसे बचने के तरीकों के बारे में छात्रों को जागरूक किया। प्रतिभागियों ने किसी भी तरह के मादक द्रव्यों के सेवन से दूर रहने की शपथ ली। शराब और मादक द्रव्यों के सेवन से किसी भी तरह की समस्या होने पर कोई भी व्यक्ति चिकित्सा अधिकारी डॉ. एम के महतो से नौ नौ तीन तीन दो सात चार आठ नौ नौ और सात शून्य छः तीन नौ शून्य दो चार दो सात पर संपर्क कर सकते हैं। कार्यक्रम में डी डी आर रोहित परोई, डी पी एम आई पी रेणुका, प्रीति किशोर, प्रींसिपल डी पी एम आई ने कार्यक्रम के लिए आभार व्यक्त किया।

<><><><><><>

परिवहन निदेशालय जून से अक्तूबर तक दक्षिण अंडमान जिले की ग्रामीण पंचायतों में एकीकृत सड़क सुरक्षा और परिवहन सेवा आउटरीच कार्यक्रमों की एक श्रृंखला का आयोजन करेगा, जिसका उद्देश्य सड़क सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देना और ग्रामीण नागरिकों के दरवाजे तक आवश्यक परिवहन सेवाओं की सुविधाओं को उपलब्ध कराना है। इन शिविरों में निम्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जैसे सड़क सुरक्षा पर जागरूकता सत्र, जिसमें हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग, तेज गति और नशे में वाहन चलाने के जोखिम और पैदल यात्रियों की सुरक्षा शामिल है। इसके साथ–साथ स्वास्थ्य विभाग द्वारा सैनिटाइजेशन के बारे मे भी पुलिस के सहयोग से बताया जाएगा। दुर्घटना और फर्स्ट एड का जीवंत प्रदर्शन भी छात्रों को जागरूक करेगा। लर्नर्स के लिए लाइसेंस, उसका नवीनीकरण, रोड टैक्स कलेक्शन, आर सी, लोक शिकायत निवारण के बारे में भी विस्तार से बताया जाएगा। परिवहन निदेशालय ने आग्रह किया है कि सभी नागरिक इस कार्यक्रम में अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

<><><><><><>

सभी संबंधित उम्मीदवारों के लिए यूजी और पीजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए कालीकट विश्वविद्यालय ने एक–एक सीट आरक्षित की है। शैक्षणिक सत्र दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के मूल छात्रों के लिए स्वीकृत क्षमता के अलावा एक अतिरिक्त सीट वैधानिक सीमा के अंदर बनाई जा सकती है। कालीकट विश्वविद्यालय केरल से संबंधित है और यहां प्रवेश के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट डब्लू डब्लू डब्लू डॉट यू ओ सी डॉट ए सी डॉट इन पर जाकर छात्र अपना पंजीकरण उन्नीस जून तक करा सकते हैं।

**<><><><><><><>**

वनवासी कल्याण आश्रम पिछले सत्तर सालों से आदिवासी समुदाय के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। इस उद्देश्य से अनेक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, जिससे वनवासी समुदाय सशक्त बन सके और राष्ट्र की मुख्यधारा से जुड़कर देश की प्रगति में अपना योगदान दे सकें। इस विशेष अवसर पर वनवासी कल्याण आश्रम मायाबंदर इकाई द्वारा युवाओं और विद्यार्थियों के लिए **निर्माण**–करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिससे उन्हें जीवन के लक्ष्य निर्धारित करने और अपना करियर बनाने में मदद मिल सके। इस कार्यक्रम में दसवीं कक्षा और उससे ऊपर के विद्यार्थियों और बेरोजगार युवाओं से भाग लेने का आग्रह किया है। करियर मार्गदर्शन चौदह जून शनिवार को सुबह आठ बजे सामुदायिक भवन, दानापुर ग्राम पंचायत, पोकाडेरा में आयोजित किया जाएगा। मॉर्डन करियर सेन्टर रोजगार कार्यालय श्री विजयपुरम और विभिन्न विभागों के संसाधन व्यक्ति और सशस्त्र बलों के साथ–साथ पुलिस से संबंधित व्यक्ति भी मार्गदर्शन कार्यक्रम में युवाओं को प्रेरित करेंगे। करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम की जानकारी इच्छुक उम्मीदवार कार्यक्रम समन्वयक अखिलेश सिंह से संपर्क कर सकते हैं। कार्यक्रम की जानकारी वनवासी कल्याण आश्रम के मीडिया प्रभारी राम कुमार सिंह ने दी।

**<><><><><><><>**

दक्षिण अंडमान प्रशासन ने भूमि राजस्व विनियमों और खान एवं खनिज नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए जुर्माना लगाया है। राजस्व अधिकारियों ने निरीक्षण के दौरान पाया कि पहाड़गांव में मिट्टी के निष्कर्षण और परिवहन से जुड़ी अनधिकृत गतिविधियां चल रही है, जिसे बाद में गाराचरमा में डंप किया जा रहा था। सरकारी अनुमति के बिना अवैध रूप से तीस क्यूबिक मिट्टी निकाल ली गई, जिस पर कार्रवाई करते हुए उल्लंघन करने वालों पर अट्ठारह हजार रूपये का जुर्माना लगाया

गया। डिप्टी कमिश्नर ने ऐसे तत्वों को सख्त चेतावनी दी है कि उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

**<><><><><><><>**

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण में बिना अनुमति के हवाई अड्डे पर वाणिज्यिक गतिविधियां दंडनीय अपराध है और इसके लिए 500 रुपये का जुर्माना लगाया जा सकता है। यह देखा गया है कि अंडमान निकोबार यातायात पुलिस की अधिकृत प्लेटफॉर्म की उपलब्धता के बावजूद कुछ प्री–पेड संचालित टैक्सी ऑपरेटर भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण से अनुमति के बिना हवाई अड्डा परिसर में परिचालन कर रहे हैं। इस संबंध में आज प्राधिकरण के प्रतिनिधियों, प्रशासन, पुलिस और टैक्सी ऑपरेटरों के प्रतिनिधियों के बीच एक बैठक हुई, जिसमें यह निर्णय लिया गया कि आज से सभी अनधिकृत वॉक–इन टैक्सियों का संचालन बंद कर दिया जाएगा।

**<><><><><><><>**

अंडमान निकोबार राज्य टेबल टेनिस एसोसिएशन ने श्री विजयपुरम में सोलह और सत्रह जून को आयोजित होने वाली ओपन इनविटेशन स्टेट टेबल टेनिस चैंपियनशिप में प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। जिन प्रतिभागियों ने अभी तक पंजीकरण नहीं कराया है, उन्हें पन्द्रह जून तक राज्य ओलंपिक संघ कार्यालय में अपनी प्रविष्टियाँ जमा कराने को कहा गया है।

**<><><><><><><>**

## समाचार पत्रों की सुर्खियां

ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस के लिए प्रशासन द्वारा राष्ट्रीय एकल विंडो प्रणाली पर ऑनलाइन सेवाएं आरंभ करने के समाचार को **द डेली टेलीग्राम्स** ने अपनी बड़ी खबर बनाते हुए प्रथम पृष्ठ में प्रमुखता से प्रकाशित किया है। **द्वीप समाचार** ने भी इसे प्रमुखता दी है। इसके अलावा अखबार ने संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार और उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार के लिए नामांकन आमंत्रित करने के समाचार को भी प्रमुखता से छापा है। दक्षिण अंडमान ज़िला परिषद अध्यक्ष के केन्द्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर से मुलाकात के समाचार को **इंफो इंडिया** और **द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी** में जगह मिली है। प्रशासन की ओर से शोर प्वाइंट में अवैध शराब की बिक्री के खिलाफ कार्रवाई के समाचार को **इको ऑफ इंडिया** ने अंदर के पृष्ठ में प्रकाशित किया है।

<><><><><><><>